# वनाधिकार के दावों के निराकरण की 31 दिसंबर तक जीरो पेंडेसी

## सीएम डॉ. यादव ने टास्क फोर्स की शीर्ष समिति की पहली बैठक में दिए निर्देश

**भोपाल, 6 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार हर पल वनवासियों के साथ खड़ी है, यह बात पूरी शिद्दत से उन तक पहुंचनी चाहिए. सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें.**



- वनवासियों के कल्याण के लिए होंगे सभी प्रबंध
- दुग्ध उत्पादन से जनजातीय वर्ग की बढ़ेगी आय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कार्य एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर 2025 तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट यानि पंचायत उपबंध अधिनियम, 1996 लागू है. पेसा मोबालाईजर्स को नियुक्त और प्रदर्शन न करने पर इन्हें हटाने के अधिकार सरकार अब ग्राम सभाओं को देगी. वनाधिकार अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के जलयुक्त शिविर अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल मध्यप्रदेश में भी अपनाया जाए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट के नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 88 जनजातीय विकासखंडों वाले जिलों के कलेक्टर को बालाघाट मॉडल भेजकर इसी अनुरूप कार्यवाही करने के लिए कहा जाए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामुदायिक आजीविका के साधनों पर फोकस कर जनजातियों की नकद आय के साधन बढ़ाने की दिशा में उन्हें दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए. उन्हें शासन की योजना के तहत अधिक से अधिक दुधारू पशु (गाय, भैंस) उपलब्ध कराए जाएं. जनजातियों द्वारा उत्पादित श्रीअन्न के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाए. श्रीअन्न से बिस्किट, कुकीज, खीर और हलवा जैसे उत्पाद तैयार कर इन्हें खुले बाजार में बेचने के लिए जनजातियों को मार्केट लिंकेज प्रदान करें.

टास्क फोर्स की शीर्ष समिति की इस पहली बैठक में समिति उपाध्यक्ष तथा जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, समिति उपाध्यक्ष तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, समिति के पदेन सदस्य सचिव तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन, समिति के पदेन सदस्य सह सचिव तथा प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, टास्क फोर्स कार्यकारी समिति के पदेन सदस्य तथा अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, पदेन सदस्य तथा प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल, पदेन सदस्य तथा संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास छोटे सिंह, समिति के सदस्य पूर्व विधायक राम डांगोरे, जनजातीय मंत्रणा परिषद के डॉ. रूपनारायण मांडवे एवं कालू सिंह मुजाल्दा, समिति के सदस्य विधि विशेषज्ञ डॉ. मिलिंद दांडेकर, एक्सपर्ट मेम्बर गिरीश कुबेर, विषय विशेषज्ञ मिलिंद थत्ते, मुख्यमंत्री के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह मरकाम, अपर आयुक्त जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान रीता सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे.

### अब तक 2.89 लाख से अधिक दावे मान्य

बैठक में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य ने बताया कि वर्ष 2008 से 2023 तक कुल 2 लाख 89 हजार 461 वनाधिकार दावे मान्य किए गए हैं. उन्होंने बताया कि पुन-परीक्षण के लिए 87 हजार 283 और एक लाख 86 हजार 224 नए प्राप्त दावे इस प्रकार कुल 2 लाख 73 हजार 457 दावे अभी लंबित स्थिति में है. उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़वानी, धार, खरगोन, मंडला, बैतूल, छिंदवाड़ा, शहडोल, खंडवा, सिंगरौली, रायसेन, डिण्डौरी, अलीराजपुर, बुरहानपुर, सिवनी, उमरिया और बालाघाट जिले में 7-7 हजार से भी अधिक वनाधिकार दावे मान्य किए गए हैं.

# गुरु पूर्णिमा के आयोजन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

- 10 जुलाई को पहुंचेंगे उज्जैन, सांदीपनि आश्रम जाएंगे
- भगवान श्री कृष्ण, बलराम और सुदामा ने यहीं पर ली थी शिक्षा दीक्षा
- आयोजन को लेकर आश्रम में तैयारियां प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. 64 कलाओं में निपुण भगवान श्री कृष्ण ने अपने बड़े भाई बलराम और सखा सुदामा के साथ 64 दिन तक सांदीपनि आश्रम में रहकर शिक्षा-दीक्षा प्राप्त की थी. 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व है. ऐसे में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी यहां दर्शन पूजन करने के लिए पहुंचेंगे.**

नवभारत से चर्चा में पंडित राहुल व्यास ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 10 जुलाई को महर्षि गुरु सांदीपनि आश्रम दर्शन पूजन के लिए आएंगे. वे जब विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने थे, उससे भी पहले यहां लगातार दर्शन के लिए आते हैं. यही नहीं यहां पर विकास कार्यों की सौगात भी कई बार श्री यादव द्वारा दी गई है. अब यहां मंदिर का विस्तृत प्लान भी सिंहस्थ के दृष्टिगत बनाया गया है.




### ध्वज बदला जाएगा

10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा उत्सव पर सांदीपनि आश्रम में प्रात: वेदपाठी ब्राह्मण महर्षि सांदीपनि, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की प्रतिमाओं का पवित्र जल से अभिषेक करेंगे. इसके बाद भगवान को नए वस्त्र पहनाए जाएंगे और मंदिर की ध्वजा बदली जाएगी.

### विद्या आरंभ संस्कार होगा

गुरु पूर्णिमा पर आश्रम में छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार होगा. यह 16 संस्कारों में से एक है. पहली बार विद्यालय जाने वाले बच्चों का स्लेट (पाटी) पूजन भी किया जाएगा. माता-पिता अपने बच्चों के साथ इस संस्कार में भाग लेंगे.




### कुलगुरु भी पूजन करेंगे

गुरु और शिष्य परंपरा पर आधारित कई कार्यक्रम 10 जुलाई को उज्जैन में होंगे, जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी भी विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज की उपस्थिति में पूजन और आरती करेंगे. शहर के गुरुकुल और शैक्षणिक संस्थानों में भी गुरुपाद पूजन होगा. गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा का पूजन के बाद गायत्री मंत्र दीक्षा और अन्य संस्कार किए जाएंगे.




द्वापर से कलयुग तक परंपरा भगवान श्री कृष्ण ने जिस प्रकार उज्जैन में आकर शिक्षा दीक्षा प्राप्त की थी ऐसे में सांदीपनि आश्रम का विशेष महत्व है क्योंकि यहां स्वयं भगवान नारायण आये, उज्जैन के महिदपुर में नारायणा धाम है. यहां के जंगलों में भगवान श्री कृष्ण, बलराम और सुदामा लकड़ियां बीनने गए थे, वह प्रसंग भी उज्जैन से जुड़ा हुआ है. द्वापर युग से कलयुग तक वंश परंपरा के अनुसार यहां गुरु पूजन की परंपरा चली आ रही है. इस अवसर पर आश्रम में फूलों से सजावट होगी.

# राज्य विभाजन का दंश ढाई दशक बाद भी झेल रहे हैं मप्र और छ.ग. के पेंशनर

- सरकार की सतत उपेक्षा से पेंशनरों में जबर्दस्त आक्रोश
- दोयम सलूक वाली धारा 49 हटाने के लिए होंगे लामबंद
- संयुक्त फेडरेशन की जबलपुर में 10 जुलाई को बैठक

नवभारत न्यूज

**इन्दौर. कोई ढाई दशक पूर्व सन् 2000 में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य का विभाजन हुआ था, तभी से दोनों राज्यों के पेंशनर अपने हितों पर कुठाराघात करने वाली धारा 49 से होने वाले अहितों का दंश झेल रहे हैं. राज्य कर्मचारियों के समान लाभ न देते हुए उनके साथ दोयम दर्जे का सलूक आर्थिक लाभों से वंचित किया जा रहा है, जिनसे उनमें जबर्दस्त आक्रोश है. उनकी समस्याओं पर विचार करने के साथ धारा 49 हटाने के लिए पेंशनर लामबंद हो रहे हैं. इसके लिए मध्यप्रदेश -छत्तीसगढ़ संयुक्त पेंशनर फेडरेशन की महत्वपूर्ण बैठक 10 जुलाई को जबलपुर में होगी.**

यह जानकारी मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के संयोजक एवं वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे ने दी. उन्होंने कहा कि राज्य विभाजन होने के 25 वर्षों बाद दोनों राज्यों की सरकारें छठवी अनुसूची की धारा 49 को अकारण ढो रही है, जिसमें पेंशनरों के हितों एवं स्वत्वों का निराकरण आपसी सहमति के बाद किया जाता है. दूसरे राज्य की परस्पर सहमति व अनुमति की आड़ लेकर पेंशनरों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है. इससे दोनों राज्यों के पेंशनरों में आक्रोश पनप रहा है, जो कभी भी आंदोलन में तब्दील हो सकता है.

### बैठक में बनाएंगे रणनीति

पेंशनर फेडरेशन के संयुक्त राज्य मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सरकारी उपेक्षा से दुखी हो कर मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न पेंशनर्स संगठनों ने मध्य प्रदेश -छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन का गठन किया. इसके पश्चात पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण हेतु दोनों राज्यों के पेंशनर संगठनों ने एक साथ मिलकर समस्याओं के निराकरण कराने की पहल की है. इस हेतु फेडरेशन की महत्वपूर्ण बैठक 10 जुलाई को हो रही है, जिसमें आगामी आंदोलन की रणनीति तय कर कार्ययोजना बनाई जाएगी.

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रांत अध्यक्ष चेतन भारती के साथ डीपी मनहर, यशवंत दीवान, आरपी शर्मा, अनंत सिन्हा, पी.आर. यादव छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधि के बतौर जबलपुर की इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगें. इधर, मध्यप्रदेश से विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि के साथ ही वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के पदाधिकारी रामनरेश तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, राधेश्याम पाटीदार, एचपी गोस्वामी, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के संरक्षक डी.बी. नायर, प्रांतीय मीडिया प्रभारी शिवाजी राव भोसले, आदि बैठक में सहभागिता करेंगे.

## एक नजर में

### जन्मदिन मनाकर लौट रहे 3 युवकों की मौत

**सतना.** सतना जिले में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई. सिविल लाइंस पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार और रविवार की दरमियानी रात सतना-चित्रकूट मार्ग पर मझगवां भट्टे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई. तीनों की पहचान दीपक कुमार पटेल (20), सौरभ विश्वकर्मा (20) और आशु सिंह (25) के रूप में हुई है. बताया गया कि तीनों जन्मदिन की पार्टी मनाकर सतना से चित्रकूट जा रहे थे.

### चोरों ने बोला धाबा, दो घरों के चटकाए ताले

**सिंगरौली.** बगदरा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में एक ही रात दो घरों को चोरों ने निशाना बनाते हुये पेटी का ताला तोड़ नकद समेत अन्य सामग्रियों को पार कर गये. पीड़ित पक्ष ने घटना की सूचना पुलिस चौकी में दी है. वही क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियों से लोग दहशत में हैं. ग्राम खम्हरिया में एक ही रात में शारदा सिंह बैस व राम सागर सिंह बैस के घर में चोरों ने दरवाजा व बक्से का ताला तोड़कर नगदी सहित कीमती सामान पार कर गये. अज्ञात चोरों ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब पीड़ित पक्ष के लोग गहरी निद्रा में थे. नींद खुली तो कमरा के दरवाजे का ताला और अंदर जाने के बाद बॉक्स का ताला टूटता देख हैरत में पड़ गये.



# बरगी बांध के 9 गेट खुले जलस्तर बढ़ा, अलर्ट

**जबलपुर. बरगी बांध के 21 में से 9 गेट 1.33 मीटर औसत ऊंचाई तक खोल? दिए गए हैं. इनसे 52 हजार 195 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हैं.**

बांध का जल स्तर सुबह 11 बजे 417.40 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय बरगी जलाशय में 98 हजार 742 क्यूसेक पानी प्रवेश कर रहा था. बांध का पूर्ण जलभराव स्तर 422.76 मीटर है. कार्यपालन यंत्री के अनुसार पानी की आवक को देखते हुये बरगी बांध से जल निकासी की मात्रा कभी भी बढाई या घटाई भी जा सकती है.

### राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन 10 को उज्जैन में

नवभारत न्यूज

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर 10 जुलाई को राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड रूपये लागत से बन रहे अत्याधुनिक अंडर वाटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे. मुख्यमंत्री 430 बाइक विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिटस का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय भी करेंगे.

# पेट्रोल भराया, पैसे मांगे तो मार दिया चाकू

**जबलपुर.** पनागर थाना अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पम्प में बदमाशों ने पहले पेट्रोल भराया और फिर अड़ीबाजी करने लगे. हिमांशु चौबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रिलायंस पेट्रोल पंप में काम करता हैं. जब वह पेट्रोल भरने का काम कर रहा था तभी आजाद वार्ड पनागर निवासी बंटी पटेल अपने 3 साथियों के साथ स्कूटी से आया और पेट्रोल डलवाया, उसके पैसे मांगे तो बंटी बोला कि मेरा कोई पैसा नहीं लगता है. बंटी पटेल ने चाकू निकाला और उससे पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो बंटी पटेल चाकू मारने के लिये धमकाने लगा. उसका साथी रंजीत पटेल आकर बीच बचाव करने लगा तो बंटी पटैल ने चाकू से हमलाकर रंजीत के दाहिने हाथ चोटिल हो गया. की उंगली एवं भुजा में चोट पहुॅचा दी. लोगों ने बंटी पटैल को चाकू सहित पकड़ लिया, बंटी पटैल के साथी स्कूटी लेकर भाग गये. पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी बंटी पटेल 22 वर्ष निवासी आजाद वार्ड पनागर को गिरफ्तार कर लिया.

# शिवराज पहुंचे गंजबासौदा के रेलवे स्टेशन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 6 जुलाई. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों का मुआयना किया.**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्यों की प्रगति को लेकर शिवराज ने जानकारी भी ली. इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर का भ्रमण कर यात्री सुविधाओं, निर्माणाधीन संरचनाओं तथा आधुनिकीकृत यात्री प्रतीक्षालयों की स्थिति का जायज़ा लिया. निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यात्रियों के हित में कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्टेशन का पुनर्विकास कार्य न केवल सुविधाजनक बल्कि सौंदर्यात्मक रूप से भी प्रभावशाली होना चाहिए ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके. साथ ही, उन्होंने स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के निर्देश दिए.

चौहान ने निर्माण कार्यों की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गंजबासोदा स्टेशन का कायाकल्प होने से पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा.



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा पुनर्विकास कार्य


उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यों की प्रगति में पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयबद्ध रूप से निर्माण पूर्ण किया जाए. इस अवसर पर प्रभारी मंत्री विदिशा लखन पटेल, विधायक गंजबासोदा हरी सिंह रघुवंशी, विधायक विदिशा भूपेश टंडन, विधायक कुरवाई हरी सप्रे सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं रेलवे की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया उपस्थित रहे.

# प्रदेश में अति बारिश को लेकर अलर्ट

- सिवनी, बालाघाट में मूसलाधार बारिश
- अभी जारी रहेगा बारिश का दौर

**भोपाल, 6 जुलाई. मप्र में 9 जुलाई तक मूसलाधार बारिश होती रहेगी. बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है. सोमवार को सिवनी, बालाघाट, बैतूल, मंडला, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, नर-सिंहपुर जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है.**

मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की संभावना को देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया है. शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, ग्वालियर, दतिया, श्योरपुरकलां, विदिशा, राजगढ़, कटनी, छतरपुर, टीकमगढ़ और शाजापुर सहित जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. इस दौरान करीब 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है. मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ माध्य समुद्र तल से सूरतगढ़, सिरसा, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, बांकुरा, दीघा होते हुए पूर्व-दक्षिणपूर्व दिशा में उत्तर- उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है. एक ट्रफ उत्तर-पूर्व अरब सागर से होकर उत्तर गुजरात, मध्य मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड से होते हुए गंगा के तटीय क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव के क्षेत्र से जुड़े उपरोक्त चक्रवातीय परिसंचरण तक जाती है.



जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, खंडेलवाल, चौहान, वीडी ने प्रतिमा पर किए पुष्पार्पित

# मुखर्जी दूरदृष्टि वाले राष्ट्रनायक, राष्ट्रीय एकता के थे पक्षधर

**भोपाल, 6 जुलाई. जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया.**

प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने प्रदेश कार्यालय में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया. वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं सांसद शर्मा ने प्रदेश कार्यालय के पास स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजली अर्पित की.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 लगाकर देश की जनता के साथ पाप किया. डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान दिया.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर राष्ट्रीय एकता की आधारशिला को शिद्दत से मजबूत किया. उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए नई दिशा, नये विचार दिये. आज हमें उनके विचारों और मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है. उन्होंने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाने का पुरजोर विरोध करते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था. डॉ. मुखर्जी का 33 साल की आयु में वाइस चांसलर बनना उनकी प्रतिभा को दर्शाता है. भारत राष्ट्र को और अधिक शक्तिशाली, समरस एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज मुखर्जी के विचार और भी प्रासंगिक हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की.

प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि महापुरूषों और उनके संघर्षों व आदर्शों को याद करने से जीवन में नैतिकता व संघर्ष बना रहता है. डॉ. मुखर्जी और पं. दीनदयाल के त्याग, तपस्या और बलिदान से ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सका है. हमारे प्रदेश को कुशाभाऊ ठाकरे और स्व. सुंदरलाल पटवा जैसे अनेक महापुरूषों का सानिध्य मिला है, जिसकी वजह से आज भाजपा संगठन इतना विशाल और मजबूत है. हमें महापुरूषों के संघर्षों स्मरण करना चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत विश्वगुरु बनकर देश के हर व्यक्ति के सपने को साकार करेगा.

कायक्रमों में वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, मंत्री सारंग, सांसद अलोक, सीमा सिंह, श्याम महाजन, विधायक सबनानी, विधायक रामेश्वर, महापौर मालती, राहुल कोठारी, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, आलोक संजर, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, शैलेन्द्र शर्मा, विकास विरानी, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती, हिरेन्द्र बहादुर सिंह, शैतानसिंह पाल, सत्येन्द्र भूषण सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# डॉ. यादव ने स्व. जगजीवन बेगढ़ और दवे को किया याद

**भोपाल, 6 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम बाबूजी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि स्व. जगजीवन राम ने राष्ट्र की उन्नति और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया.**

पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम को अद्वितीय सामाजिक योद्धा और राष्ट्र के अनन्य सेवक के रूप में सदैव याद किया जाएगा.

INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)
DEVELOPED INDIA MISSION

लघु ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या : पीपीडी/डीजीएम/रखरखाव/टी-06/2025 दिनांक 05.07.2025

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण के द्वारा "जेएनपी में विभिन्न भवनोंके रखरखाव के कार्य के लिये" इस निविदामें नमूद आवश्यकताओंका अनुपालन करनेवाले और "न्यूनतम योग्यता मानदंड" को पूरा करनेवाले अनुभवी ठेकेदारों से एकल चरण अंतर्गत दो लिफाफों (तकनिकी- वाणिज्यिक बोली) में ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। यह निविदा तारीख 07.07.2025 से 29.07.2025 तक ऑनलाईन उपलब्ध रहेगी।

कार्य की अनुमानित लागत रु. 11,89,42,000.00/- है। निविदा दस्तावेज सहित निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना जेएनपीए के "www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in" इस संकेतस्थल पर उपलब्ध है।

मुख्य महाप्रबंधक
पत्तन योजना एवं विकास विभाग

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60